हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 8 दिसंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

माताएं बच्चों को अच्छे संस्कार देकर बनाएं राम -कृष्ण, बुद्ध व माता सीता : गोस्वामी
4



## खबर संक्षेप

### चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए पैसेंजर रहेगी रद्द

**जांजगीर-चांपा।** हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के बिलासपुर- झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथीलाइन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। चांपा खरसिया सेक्शन के बाराद्वार स्टेशन में चौथीलाइन कनेक्टिविटी हेतु प्री-नॉन इंटरलॉकिंग-नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जायेगा। इस कारण यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार 9 से 13 दिसम्बर तक बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। वहीं 8 से 12 दिसम्बर तक बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। इसी तरह 9 से 13 दिसम्बर तक रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 9 से 13 दिसम्बर तक गोंदिया से चलने वाली गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर, बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार 9 से 13 दिसम्बर तक झारसुगुड़ा से चलने वाली झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा झारसुगुड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

### संगीतमय माता परमेश्वरी यज्ञ महापुराण 7 से

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा के देवांगन धर्मशाला में बुधवार 7 जनवरी को दोपहर 2 बजे से संगीतमय माता परमेश्वरी यज्ञ महापुराण कथा का शुभारंभ जल भरण,कलश यात्रा, शोभा यात्रा के साथ माता परमेश्वरी मूर्ति की स्थापना से किया जाएगा। इस संबंध में देवांगन समाज बिर्रा के सक्रिय सदस्य मूलचंद देवांगन ने बताया कि प्रत्येक दिन शाम को 7 बजे महाआरती होगा और रात्रि 8 बजे के बाद महा भंडारा का कार्यक्रम प्रत्येक दिवस होगा। कथा वाचक किशन राव महाराज चांपा वाले होंगे। समापन बुधवार 14 जनवरी को किया जाएगा।

### पीपरसत्ती में जुआ खेल रहे चार जुआरी पकड़ाए

**अकलतरा।** ग्राम पीपरसत्ती में जुआ फड़ पर पुलिस ने दबिश दी। इस दौरान जुआ खेल रहे चार जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 52 पत्ती एवं 7500 रुपए नगद बरामद किया गया। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा पुलिस एवं पुलिस सहायता केंद्र कोटमीसोनार पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर संयुक्त रूप से ग्राम पीपरसत्ती में रेड कार्यवाही की गई। इस दौरान ग्राम पीपरसत्ती में जुआ खेल रहे केशर खान उम्र 32 वर्ष निवासी पीपरसत्ती थाना अकलतरा, लोकेश केसकर उम्र 30 साल निवासी मुड़पार थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर, सुनील कुर्रे उम्र 31 वर्ष निवासी कछार एवं सुमित कुमार भार्गव उम्र 34 साल 31 वर्ष निवासी कछार थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर को पकड़ा। जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत करवाई की गई।

## कार्रवाई का नहीं भय, हो रहा राजस्व का नुकसान

# रेत माफिया चीर रहे हसदेव नदी का सीना, नहीं थम रहा अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

बम्हनीडीह क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा। रेत माफिया हसदेव नदी का सीना लगातार छलनी कर रहे है। चैन माउटेन मशीन से रेत की अवैध खुदाई की जा रही है। वहीं लगातार अवैध रेत का परिवहन करती गाड़ियां क्षेत्र से गुजर रही है।

जांजगीर-चांपा जिले के नगर पंचायत बम्हनीडीह, खपरीडीह, पुछेली, पिपरदा में हसदेव नदी से रेत का अवैध उत्खनन चरम पर है,। खनन माफिया दिन-रात हजारों ट्रैक्टर रेत का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। हैरत की बात यह है कि इस अवैध कारोबार को रोकने में न तो प्रशासन की सख्ती काम आ रही है और न ही स्थानीय नेता इस मुद्दे को लेकर गंभीर नजर आ रहे हैं। खनन माफिया बेखौफ होकर नदी की छाती चीर रहे हैं। नदी के घाटों से रोजाना हजारों ट्रैक्टर रेत निकाली जा रही है, जिससे राज्य के खजाने को करोड़ों रुपये के राजस्व का चूना लग रहा है। रेत माफियाओं को प्रशासन का भी कोई डर नहीं है। दिन हो या रात लगातार चैन माउंटेन, जेसीबी, ट्रैक्टर लोडर जैसे दर्जनों मशीन से अवैध उत्खनन किया जा रहा है। नगर पंचायत बम्हनीडीह, खपरीडीह, पुछेली, अमोदी, पिपरदा,गोविंदा के अवैध घाट से चैन माउंटेन, जेसीबी,ट्रैक्टर लोडर जैसे दर्जनों मशीन से रोजाना 5 हजार से अधिक ट्रैक्टर रेत का अवैध उत्खनन हसदेव नदी से किया जा रहा है। लगातार हो रहे अवैध उत्खनन से क्षेत्र के ग्रामीण आक्रोशित हो रहे है। इधर स्थानीय जनप्रतिनिधि भी रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन को लेकर चुप्पी साधे बैठे है। बम्हनीडीह क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध रेत उत्खनन से प्रशासन के दावे खोखले साबित हो रहे है।



नदी के तट पर रेत का अवैध उत्खनन करते ट्रैक्टर व चैन माउटेन मशीन।

### बदतर हुई नगर के मुख्य सड़क की स्थिति

रेत माफियाओ द्वारा लगातार रेत से लोड वाहनों से परिवहन किया जा रहा है। इससे नगर पंचायत बम्हनीडीह के मुख्य सड़क की स्थिति इतनी बद्तर कर दी है कि इसमें चलना मुश्किल हो गया है। दिन भर धूल, कीचड़ व जगह जगह गढ्ढे ने नगरवासियों का जीना दूभर कर दिया है। रेत उत्खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि उनके द्वारा स्कूल से समय में भी बेखौफ गाड़िया सड़क में दौड़ाई जाती है। छोटी मोटी घटना रोज होते रहती है।

### नदी का हो रहा कटाव, पर्यावरण को नुकसान

अवैध उत्खनन के कारण हसदेव नदी का स्वरूप बुरी तरह बिगड़ रहा है। अत्यधिक खनन से नदी के तटों का कटाव बढ़ गया है, जिससे आसपास की कृषि भूमि और पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। इसके बावजूद, प्रशासनिक अमला सिर्फ कागजी खानापूर्ति तक ही सीमित है, जबकि मौके पर उत्खनन बदस्तूर जारी है।

### की जाएगी कार्रवाई

रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर पाबंदी लगाई गई है। पिपरदा सहित आसपास के गांव में इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं तो इसकी जानकारी लेकर समुचित कार्यवाही की जाएगी।

**-अनिल साहू,**
जिला खनिज अधिकारी
जांजगीर-चांपा

### करेंगे निर्देशित

अगर क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है तो कार्यवाही के लिए निर्देशित करेंगे। जल्द ही बड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**-पी दयानंद, सचिव**
छत्तीसगढ़ शासन

# धान खरीदी में आ रही रफ्तार, अभी भी पांच केन्द्र में बोहनी का इंतजार

## जिले में अब तक साढ़े चार लाख क्विंटल से अधिक खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अब रफ्तार आने लगी है। सप्ताहभर पहले तक महज 1 लाख 5 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। वहीं अब यह आंकड़ा बढ़कर 4 लाख 57 हजार क्विंटल जा पहुंचा है। इधर अभी तक 5 उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी की बोहनी नहीं हो सकी है।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत 15 नवंबर से की गई है। शुरुआती दौर में सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल के चलते कुछ दिनों तक धान खरीदी का काम प्रभावित हुआ। वहीं किसान भी अपने धान की कटाई और मिंजाई में व्यस्त रहे। ऐसे में नवंबर माह के आखिरी दिनों में धान खरीदी की आवक बढ़ी। जिले में धान खरीदी के लिए 129 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है। विभागीय जानकारी के मुताबिक 28 नवंबर तक जिले के 69 उपार्जन केन्द्र में 1 लाख 5 हजार 139 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। वहीं 5 दिसंबर तक की स्थिति में यह आंकड़ा बढ़कर 4 लाख 57 हजार 455 क्विंटल पहुंच गया। इसमें 2 लाख 28 हजार 485 क्विंटल पतला और 2 लाख 28 हजार 970 क्विंटल स्वर्णा धान शामिल है। अब तक जिले के 124 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की बोहनी हो चुकी है। वहीं 5 केन्द्रों में अभी भी किसानों का इंतजार हो रहा है। सप्ताहभर के भीतर ही जिले में साढ़े 3 लाख क्विंटल से अधिक धान की आवक हुई है। हालांकि सोमवार के लिए सभी 129 केन्द्रों में धान बेचने किसानों ने टोकन कटवाया है।



उपार्जन केन्द्र में धान बेचने पहुंचे किसान।

### बढ़ रही आवक

धान खरीदी में अब तेजी आ रही है। टोकन तो सभी केन्द्र के लिए कट रहे है, लेकिन पांच केन्द्र में अभी तक धान की आवक नहीं हुई है। सोमवार को संभवत: सभी केन्द्र में धान आ जाएगा।

**-अमित साहू,**
नोडल अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जांजगीर

## मल्टीप्लेक्स परिसर में मारपीट करने वाली 2 लड़कियों के साथ 3 सहयोगी गिरफ्तार

**चांपा।** मुकुंद मल्टीप्लेक्स परिसर चाम्पा में मारपीट करते हुए उत्पात मचाने वाली दो युवतियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही युवतियों का सहयोग करने वाले तीन युवकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। चाम्पा स्थित मुकुंद मल्टीप्लेक्स में टिकट काउंटर के पास दो लड़कियों ने अन्य दो लड़कियों की जमकर पिटाई की थी। घटना का वीडियो भी सोशल मिडिया में वायरल हुआ। पीड़िता द्वारा शनिवार को थाना चांपा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह 5 दिसंबर को मुकुंद मल्टीप्लेक्स के टिकट काउंटर के पास खड़ी थी। तभी दोनों लड़कियां वहां आई और पुरानी बात को लेकर गाली गलौज करने लगी। थोड़ी देर बाद दोनों लड़कियों ने अपने दोस्तों को मौके पर बुला लिया और लात घुसे से जमकर मारपीट की। पुलिस द्वारा मारपीट करने वाली दोनों लड़कियों को गिरफ्तार किया। वहीं मारपीट में लड़कियों का सहयोग करने वाले 3 युवकों के खिलाफ पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

# अंतर जिला चोर गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अंतर जिला चोर गिरोह को चाम्पा पुलिस ने पकड़ा है। दो चोर के साथ एक खरीददार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी का सोने और चांदी का जेवर बरामद किया गया है। गिरोह के तीन अन्य सदस्य फरार है, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आनंद विहार कॉलोनी सिवनी चाम्पा स्थिति धनीराम देवांगन के सुने मकान से चोरो ने सोने चांदी के जेवर की चोरी की थी। धनीराम ने 8 नवंबर को चाम्पा थाना रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने भतीजे के दसगात्रा कार्यक्रम में शामिल होने चापा गए हुए थे। रात्रि करीबन 10:30 बजे अपने घर पहुंचे तो घर का ताला टूटा हुआ था और अलमारी के अंदर रखें सोनी एवं चांदी के जेवर चोरी कर लिए गए थे। पुलिस ने अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया। थाना चाम्पा एवं साइबर सेल से एक संयुक्त टीम अज्ञात आरोपियों के पता तलाश हेतु लगाया गया था। टीम के द्वारा घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया पता तलाश के दौरान प्रार्थी के बताएं अनुसार चोरी गये मोबाइल के संबंध में साइबर सेल के द्वारा मोबाइल का डिटेल निकाला गया। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर कोरबा से दो आरोपी सत्य प्रकाश महंत एवं मोहन मिंज को अलग-अलग स्थान से पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने अन्य 3 साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। चोरी किए गए सोने एवं चांदी के आभूषणों को अनिल काले सोनार के पास देना बताया। दोनों आरोपियों के निशानदेही पर सोनार अनिल काले को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी गए सोने चांदी के आभूषणों को गलाना स्वीकार किया गया। अनिल काले के कब्जे से सोना गलाने के उपकरण तथा गले हुए सोनी एवं चांदी को बरामद किया गया। पुलिस ने कोरबा जिले के 19 वर्षीय सत्य प्रकाश महंत पिता गेंद दास महंत, 24 वर्षीय मोहन मिंज पिता गोपाल मिंज और 44 वर्षीय अनिल काले पिता अपासो काले को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

## दो बाइक की भिड़ंत में एक युवक की हुई मौत

**जांजगीर-चांपा।** सक्ती जिले की डभरा थाना क्षेत्र के नवापारा गांव में दो बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक आनंद सिदार की दर्दनाक मौत हो गई है, वहीं दूसरी बाइक पर सवार विक्रम चौहान और टीकम चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम नवापारा गांव के रहने वाले विक्रम चौहान और टीकम चौहान बाइक में सवार होकर डभरा से अपने गांव नवापारा जा रहे थे। वहीं आनंद सिदार बाइक में सवार होकर नवापारा से डभरा जा रहा था। तभी दोनों की बाइक नवापारा गांव में ही आपस में टक्कर हो गई, जिससे आनंद सिदार की मौत हो गई। वहीं विक्रम चौहान और टीकम चौहान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। खून से लथपथ घायलों को आनन-फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डभरा भेजा गया। मामले की सूचना पर पुलिस जांच में जुट गई है। वहीं मृतक के शव को पंचनामा कार्रवाई कर मर्चुरी में रखवा दिया गया है।

## व्यवसायिक परीक्षा मंडल ने किया था एग्जाम का आयोजन

# 31 केन्द्रों में हुई अमीन भर्ती परीक्षा, 2690 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

व्यवसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 9 हजार 436 अभ्यर्थियो ने आनलाइन आवेदन जमा किए थे। इस परीक्षा में 6 हजार 746 अभ्यर्थी शामिल हुए। वहीं करीब 2 हजार 690 परीक्षा से अनुपस्थित रहे। इधर अमीन परीक्षा को लेकर जांजगीर-चांपा जिले में 31 केन्द्र बनाए गए थे।

गौरतलब है कि छतीसगढ व्यवसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा रविवार 7 दिसम्बर को जांजगीर चाम्पा जिले के 31 केन्द्रों मे जलसंसाधन विभाग के अंतर्गत अमीन परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 9 हजार 436 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन जमा किए थे। जिसके अंतर्गत 6 हजार 746 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वही 2 हजार 690 परीक्षा से नदारद रहे। रविवार 7 दिसम्बर को आयोजित अमीन परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियो को परीक्षा प्रारंभ होने के 2 घंटे पहले ही संबंधित परीक्षा केन्द्रों में पहुंचने का फरमान जारी किया गया था। जिसके कारण सुबह 10 बजे से ही परीक्षार्थी परीक्षा दिलाने केन्द्र तक पहुंच गए। बढ़ते ठंड के चलते परीक्षा दिलाने पहुंचे लोगों को आने जाने के दौरान काफी दिक्कते हुई। जलसंसाधन विभाग के तहत परीक्षा को लेकर केन्द्रों में केन्द्र प्रभारी के साथ साथ पर्यवेक्षको की नियुक्ती भी की गई थी। परीक्षा दिलाने के लिए पामगढ, अकलतरा, बम्हनीडीह, बलौदा एवं नवागढ क्षेत्र से बडे पैमाने पर युवा पहुंचे थे। वहीं जांजगीर एवं चाम्पा शहर को मिलाकर करीब 31 केन्द्रों में परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा को लेकर इलेक्ट्रानिक्स उपकरण,घडी, पर्स, बेल्ट ,टोपी ,स्कार्फ,परीक्षा मे ले जाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया था। वही परीक्षा होने के आधा घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया था।



केन्द्र में परीक्षा देते अभ्यर्थी।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



# सेना की वर्दी पहने नजर आए सलमान खान

**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर चर्चाओं में हैं। लद्दाख में फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बाद टीम ने मुंबई में भी अपना एक शेड्यूल पूरा कर लिया है। शूटिंग के दौरान सलमान की कुछ फोटोज भी सामने आई हैं। अब इन दिनों सलमान और चित्रांगदा की एक और तस्वीर शूटिंग से वायरल हो रही है। सोशल मीडिया पर सलमान खान और चित्रांगदा सिंह की एक तस्वीर वायरल है। यह तस्वीर 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग के सेट से ही है। इस तस्वीर में सलमान और चित्रांगदा दोनों ही भारतीय सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# सान्या

## बनीं बेस्ट एक्ट्रेस, फेस्ट में मिला सम्मान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में बॉलीवुड हंगामा ओटीटी इंडिया फेस्ट और इंडिया एंटरटेनमेंट अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ था। इस इवेंट में ओटीटी और फिल्म जगत के कुछ बड़े नामों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ने फिल्म 'मिसेज' में बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब जीता।

खुशी जाहिर करते हुए अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनके साथ उन्होंने लिखा,"आपकी लड़की ने 'मिसेज' का खिताब जीत लिया। मैं आप सभी के प्यार की बहुत-बहुत आभारी हूं, जिसने हमारी फिल्मों पर प्यार बरसाया। फिल्म 'मिसेज' को इस तरह से अपनाने के लिए आप सभी का तहे दिल से धन्यवाद।" सान्या की इस पोस्ट पर फैंस और सेलेब्रिटीज की बधाइयों की बौछार हो रही है। अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने हार्ट इमोजी से प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री सान्या, जिन्होंने आमिर खान की फिल्म दंगल से अपने करियर की शुरुआत की थी। साल 2025 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'मिसेज' ने दर्शकों में गहरी छाप छोड़ी थी। इसने मनोरंजन करने के साथ-साथ एक गहरा संदेश भी दिया था। फिल्म की कहानी शादी करके ससुराल पहुंची महिला के रोजमर्रा की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में दिखाया गया है कि ऋचा नाम की एक महिला अपने परिवार के साथ-साथ सपनों को भी पूरा करना चाहती है, लेकिन ससुराल में बने नियम-कानूनों के कारण वह सिर्फ घर के कामों में फंस जाती है। फिल्म के आखिर में वह इन बंधनों को तोड़कर अपने सपनों को पूरा करके जीवन की शुरुआत करती है।



हॉलीवुड मसाला



# वार्नर ब्रदर्स... खरीदने की घोषणा

**न्यूयॉर्क।** हॉलीवुड के सबसे जाने-माने स्टूडियोज में से एक, वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को नेटफ्लिक्स ने खरीदने की घोषणा कर दी है। नेटफ्लिक्स के इस कदम ने मनोरंजन जगत में खलबली मचा दी है, क्योंकि वार्नर ब्रदर्स अपने आप में बड़ा नाम है और अब नेटफ्लिक्स के साथ मिलकर काम करने से दर्शकों को और अच्छा कंटेंट देखने को मिल सकेगा। नेटफ्लिक्स ने लगभग 82.7 अरब डॉलर की डील के साथ वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी (डब्ल्यूबीडी) को खरीदा है। ये दोनों कंपनियां मिलकर वैश्विक स्तर पर मनोरंजन जगत की बड़ी कंपनी बनकर उभरेंगी।




# केली की जिंदगी रोशनी और सन्नाटे की दास्तान

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा ग्रेस केली की जिंदगी किसी परीकथा की तरह शुरू हुई और एक ट्रैजेडी पर आकर थम गई। उनकी कहानी उस रोशनी और सन्नाटे की दास्तान है, जिसमें एक अभिनेत्री अपनी कला, अपनी इच्छाओं, अपनी पहचान और अपने भाग्य के बीच लगातार संघर्ष करती रही। फिलाडेल्फिया में 12 नवंबर 1929 को जन्मी ग्रेस को मंच से लगाव था। उन्हें लगता था कि कैमरा उनके सामने आते ही दुनिया थोड़ी शांत हो जाती है। अभिनय उनके लिए शौक नहीं, एक तरह का सुकून था—एक जगह जहां वे खुद को संपूर्ण महसूस करती थीं। यही भावना उन्हें ब्रॉडवे से हॉलीवुड लेकर आई और वहीं से उनका सितारा इतनी तेजी से चमका कि मात्र कुछ वर्षों में वे दुनिया की सबसे चर्चित और सम्मानित अभिनेत्रियों में शामिल हो गईं।



# तू मेरी मैं तेरा का गाना हम दोनों रिलीज

**मुंबई।** फिल्म के हाई-एनर्जी पार्टी एंथम के बाद अब सारेगामा, धर्मा प्रोडक्शंस और नमाह पिक्चर्स के साथ मिलकर दर्शकों को एक दिल छू लेने वाला, चुलबुला और रोमांटिक ट्रैक 'हम दोनों' तोहफे में दे रहा है। पार्टी के शोर-शराबे से दूर, यह गाना रे और रूमी की मासूम, शरारती और सोलफुल केमिस्ट्री को खूबसूरती से दिखाता है। ये गाना दो दिलों के करीब आने की कहानी को इतने प्यारे तरीके से पेश करता है कि ये हर मॉडर्न लेकिन दिल से ओल्ड स्कूल आशिक की प्लेलिस्ट में शामिल होने वाला है। इस गाने को अपनी जादुई आवाज़ दी है शेखर, विशाल ददलानी और श्रुति पाठक ने, जबकि इसका संगीत तैयार किया है सुपरहिट जोड़ी विशाल और शेखर ने। प्यार में डूबी इन लाइनों को लिखा है अन्विता दत्त ने और स्क्रीन पर इस खूबसूरत केमिस्ट्री को सजाया है।



# डकैत के किरदार में डूब गए अक्षय...

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर में अक्षय खन्ना ने लयारी के माफिया रहमान डकैत का रोल अदा किया है। उन्होंने इस किरदार को इतनी खूबसूरत से निभाया है कि एक पल के लिए दर्शक भूल ही जाते हैं मानो ये अक्षय खन्ना हैं। साथ ही उनका लुक भी दमदार है। इस फिल्म में अक्षय खन्ना की अदाकारी का ही कमाल है कि फिलहाल सोशल मीडिया पर उनके नाम की चर्चा हो रही है और उन्हें खूब सर्च किया जा रहा है। इस साल फरवरी में रिलीज हुई विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' में अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का रोल निभाकर तारीफें लूटी थीं। मगर, वह तो सिर्फ झांकी थी, असली रंग तो उन्होंने 'धुरंधर' में जमाया है। फिल्म में उन्हें स्क्रीन स्पेस भी काफी अच्छा मिला है, तो वे खूब लाइमलाइट लूट ले गए हैं। आलम ये हो गया है कि अक्षय दर्शकों की फेवरेट लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

टीवी मसाला

# सारा-कृष ने हिंदू- मुस्लिम रीति-रिवाज से की शादी

**मुंबई।** सारा खान और कृष पाठक ने इस साल अक्टूबर मे विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत कोर्ट मैरिज की थी। अब कपल ने रीति-रिवाज के साथ शादी रचाई है। सारा और कृष ने हिंदू और मुस्लिम दोनों रीति-रिवाज के साथ शादी की है। पहले कपल ने निकाह किया, फिर हिंदू रीति-रिवाज के साथ विवाह किया। शादी की खूबसूरत फोटोज कपल ने फैंस के साथ शेयर की हैं। सारा खान और कृष पाठक ने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत की है। कोर्ट मैरिज के बाद कपल ने अब निकाह और विवाह करके एक-दूजे का हाथ थामा है। एक संयुक्त इंस्टाग्राम पोस्ट में शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए कपल ने लिखा है, 'कुबूल है से सात फेरे तक..., हमारे प्यार ने अपनी खुद की एक स्क्रिप्ट लिखी है और हमारी दोनों दुनियाओं ने कहा-हां'। बता दें कि कृष पाठक अभिनेता सुनील लहरी के बेटे हैं। सुनील लहरी को 1980 के दशक के लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिक 'रामायण' में लक्ष्मण की भूमिका के लिए जाना जाता है। अपने पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए, कृष पाठक ने अभिनय में कदम रखा। उन्होंने 'पीओडब्ल्यू- बंदी युद्ध के' और 'ये झुकी झुकी सी नजर' जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया।





# प्रियंका ने जाह्नवी के संदेश का किया समर्थन

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में 'वी द विमेन' मंच से जाह्नवी कपूर का प्रभावशाली वीडियो शेयर कर उनके विचारों को खुलकर सराहा। इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस क्लिप को री-पोस्ट करते हुए प्रियंका ने लिखा, "बातचीत से शुरुआत होती है, तो मैं भी शामिल होती हूं। प्रियंका ने जाह्नवी के बेबाक और सच्चे विचारों की जमकर तारीफ की। यह वीडियो बरखा दत्त के प्रमुख प्लेटफ़ॉर्म 'वी द विमेन' का है, जो देशभर की महिलाओं की आवाज, उनकी पहचान, महत्वाकांक्षाओं और सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने के लिए जाना जाता है। क्लिप में जाह्नवी कपूर बेहद साफगोई से स्त्रीत्व, समाज की अपेक्षाओं और "समानता" के असली मायनों पर बात करती दिखाई देती हैं। वह बताती हैं कि महिलाओं के अनुभवों को समझना और स्वीकारना कितना जरूरी है, बजाय इसके कि समानता को सिर्फ एक सतही अवधारणा तक सीमित कर दिया जाए। पीले रंग के आकर्षक आउटफिट में नजर आ रहीं जाह्नवी के स्पष्ट और आत्मविश्वास से भरे विचार दर्शकों के साथ गहराई से जुड़े और इन्हीं विचारों ने प्रियंका चोपड़ा को उन्हें अपने प्लेटफ़ॉर्म पर साझा करने के लिए प्रेरित किया।

# पुलकित ने किया चंकी के प्रति सम्मान जाहिर



**मुंबई।** हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेता पुलकित सम्राट ने अपनी आगामी रिलीज फिल्म 'राहु केतु' के को-स्टार और अनुभवी अभिनेता चंकी पांडे के प्रति जिस तरह सम्मान जताते हुए सराहना के शब्द कहे, उससे पूरा माहौल भावनात्मक हो गया। अपने काम के प्रति चंकी पांडे के समर्पण और जुनून की बातें साझा करते हुए पुलकित ने कहा, "पहली नज़र में चंकी सर को सेट पर आकर सीन करते देखना केकवॉक जैसा लगता है, लेकिन सच तो यह है कि वो उस सीन को परफेक्ट बनाने के लिए इतनी मेहनत करते हैं कि हमें सामने खड़े होने में शर्म आने लगती है। यकीन मानिए उनकी मेहनत देखकर हम खुद पेन-पेपर लेकर बैठ जाते हैं कि और क्या किया जा सकता है।" सीनियर एक्टर चंकी पांडे के साथ अपनी पहली फिल्म का अनुभव साझा करते हुए पुलकित ने यह भी कहा कि उनके साथ हर दिन ऐसा लगता था जैसे वे किसी स्कूल या किसी यूनिवर्सिटी में आ गए हों और बस सीखते ही जा रहे हैं।

# हाथ से कढ़े गाउन में बिखेरी ग्लैमर की चमक


*मुंबई। कभी-कभी फैशन कपड़े और कढ़ाई से आगे बढ़कर एक कहानी बन जाता है और काशिका कपूर का यह लुक बिल्कुल वैसा ही एक पल है। काले रंग के दिलकश गाउन में, जिस पर बारीकी से की गई चांदी की कढ़ाई सितारों की तरह चमक रही थी, काशिका ने ओल्ड-हॉलीवुड की एलिगेंस और आधुनिक जादू का ऐसा मिश्रण रचा कि नजरें ठहर जाएं। उनका गाउन, पूरी तरह तराशा हुआ, उनके व्यक्तित्व के साथ ऐसे बहता है जैसे उनके इर्द-गिर्द रोशनी की नदी बह रही हो। हर पैटर्न, हर चमक उनके हर कदम के साथ जीवंत हो उठती है। हर तस्वीर मानो किसी सदाबहार फिल्म का स्थिर फ्रेम लगती है,संजीदा, खूबसूरत और बेमिसाल शालीनता से भरा हुआ। लेकिन इस लुक की असली खूबसूरती काशिका की मौजूदगी है। वह सिर्फ गाउन नहीं पहनतीं, वह उसे जीवन दे देती हैं। जब उनके हाथ नरम, बैले-सी मुद्रा में ऊपर उठते हैं और ठोड़ी हल्के-से प्रकाश की ओर झुकती है, तो पूरा माहौल एक मंच की तरह महसूस होने लगता है। उनके मुलायम कर्ल्स, नाजुक और सुरुचिपूर्ण ज्वेलरी, और मेकअप की हल्की, चमकती आभा - सब मिलकर एक ऐसा रूप रचते हैं जो एक साथ क्लासिक भी है और खगोलीय भी।*



# ओटीटी पर मनोरंजन का सैलाब! रिलीज हुई सात नई फिल्में और सीरीज....

*मुंबई। इस वीक कई नई फ़िल्में और सीरीज अलग-अलग ओटीटी स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म पर रिलीज होने वाली हैं। इनमें रोमांटिक फिल्मों से लेकर डार्क साइकोलॉजिकल थ्रिलर और हॉरर फिल्में और सीरीज तक सब कुछ शामिल है। आप वीकेंड पर इनका मजा ले सकते हैं, इस कड़ाके की सर्दी में अपने घर पर आराम से चाय की चुस्की लेते हुए।*

**जे. केली - नेटफ्लिक्स :** जॉर्ज क्लूनी और एडम सैंडलर स्टारिंग यह कॉमेडी एक बूढ़े फ़िल्म स्टार की कहानी बताती है, जो अपने डेडिकेटेड मैनेजर के साथ यूरोप की ट्रिप पर निकलता है। फ़िल्म में फ़्लैशबैक का इस्तेमाल किया गया है क्योंकि दोनों अपनी ज़िंदगी के फ़ैसलों और रिश्तों के बारे में सोचते हैं। आप इसे इस वीक नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।



**द गर्लफ्रेंड - नेटफ्लिक्स :** रश्मिका मंदाना और दीक्षिता शेट्टी की क्रिटिक्स द्वारा सराही गई फ़िल्म "द गर्लफ्रेंड" को थिएटर में दर्शकों से ज़बरदस्त रिस्पॉन्स मिला। नेटफ्लिक्स ने डिजिटल राइट्स ले लिए हैं, जिससे दर्शक घर पर फ़िल्म का मज़ा ले सकते हैं। फिल्म 5 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई।

**द ग्रेट प्री-वेडिंग शो - जी5 :** तिरुवीर-स्टारर "द ग्रेट प्री-वेडिंग" को इसकी दिल को छू लेने वाली गांव की कहानी के लिए बहुत तारीफ मिली थी। थिएटर में पॉजिटिव रिस्पॉन्स के बाद, जी5 ने डिजिटल राइट्स ले लिए हैं। फिल्म 5 दिसंबर, से जी5 पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।



**डाइस एरा - जियो हॉटस्टार :** राहुल सदाशिवन द्वारा डायरेक्टेड और प्रणव मोहनलाल स्टारिंग, डाइस एरा एक इंटेंस, सस्पेंस और डरावनी कहानी पेश करती है। जियो हॉटस्टार ने ओटीटी राइट्स ले लिए हैं, जिससे फिल्म दर्शकों के लिए कई भाषाओं में उपलब्ध हो गई है। जियो हॉटस्टार पर 5 दिसंबर से स्ट्रीमिंग शुरू हो गई है।

**स्टीफन - नेटफ्लिक्स :** स्टीफन एक एंटरटेनिंग तमिल थ्रिलर है, जिसमें गोमती शंकर, माइकल थंगादुरई और स्मृति वेंकट स्टारिंग हैं। यह अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए तैयार है। नेटफ्लिक्स ने स्ट्रीमिंग राइट्स ले लिए हैं, जिससे फिल्म सीधे दर्शकों तक पहुंच सकेगी।

**कुट्टाराम पुरिंधवन - सोनी लीव :** कुट्टाराम पुरिंधवन एक तमिल क्राइम थ्रिलर है। पशुपति भास्कर नाम के एक पुलिस ऑफिसर का रोल कर रहे हैं, जो एक मुश्किल केस की इन्वेस्टिगेशन में फंस जाता है। यह 5 दिसंबर को सोनीलीव पर स्ट्रीम हुई है।



**खबर संक्षेप**

## स्कूलों में चलाया गया तंबाकू नियंत्रण जन जागरुकता कार्यक्रम



**चांपा।** ग्राम भंवरेली एवं रोहदा के स्कूलों में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू से होने वाले बीमारी के बारे में जानकारी देकर जागरुकता अभियान चलाया गया। सीएमएचओ के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय प्रवर्तन दल के सदस्यों द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत कार्यवाही की गई। इस कार्य हेतु विकासखंड बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम भंवरेली एवं रोहदा के स्कूलों में जागरुकता कार्यक्रम के साथ एन टी सी पी के नोडल अधिकारी डाक्टर वी के पैगावार से संपर्क एवं संयोजन कर नियम विरूद्ध उक्त जगह पर संचालित दुकानों पर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के डॉ प्रज्ञा, पी सूभेदार एवं डेंटल असिस्टेंट प्रज्ञा पांडे, खाद्य एवं औषधि प्रसाधन विभाग से दुर्गेश कैवर्त एवं स्थानीय पुलिस थाना दल की उपस्थिति में कार्य किया गया।

## अग्निवीर की ट्रेनिंग पूरी कर गृह ग्राम लौटने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत



**मालखरौदा।** ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लिमगांव के उमेश यादव 20 वर्ष 7 माह का लखनऊ से अग्निवीर का ट्रेनिंग कर के गृह ग्राम लौटने पर ग्रामीणों द्वारा बैंड बाजे के साथ स्वागत किया गया। उमेश ने बताया कि इसके लिए वह 3 किलोमीटर रोजाना दौड़ लगाता था। फिटनेस पर वह बहुत ध्यान देता था। साथ ही नशा से भी दूर रहना जरूरी है क्योंकि फिजिकल में इसके चलते कई लोग पहले ही दौर में बाहर हो जाते हैं। अग्निवीर की जानकारी होने पर वह लगातार इसमें जाने के लिए तैयारी कर रहा था। इस अवसर पर जनपद सदस्य शिवकुमार सिदार ,सरपंच ग्रामीण और घर के लोगों द्वारा फूल माला पहना कर रैली निकालकर स्वागत किया।

## राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में किरण निर्मलकर चयनित

**अकलतरा।** राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला में अध्यनरत कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा किरण



निर्मलकर का चयन विकसित भारत यंग इंडिया लीडर डायलॉग 2026 के अंतर्गत आयोजित निबंध प्रतियोगिता में राज्य स्तर के लिए हुआ है। किरण 8 दिसंबर को रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक टिकाऊ और हरित विकसित भारत का निर्माण विषय पर अपना प्रस्तुतीकरण देंगी। यह प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित की गई थी। अखिल भारत देश से लगभग 12000 निबंधों का चयन किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ से 465 निबंध हैं। राज्य स्तर पर 45 निबंध का चयन किया जाएगा जो की राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल यूथ फेस्टिवल के अंतर्गत नई दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। छात्रा की सफलता पर अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ईश्वर खंडेलिया एवं शाला के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा वरिष्ठ शिक्षक आर के पाण्डेय, सांस्कृतिक एवं पाठ्येतर प्रभारी श्रीमती वर्षा यादव एवं स्टाफ ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## करनौद में पूजा-अर्चना के साथ धान खरीदी का हुआ शुभारंभ



**तालदेवरी।** सेवा सहकारी समिति करनौद में जिला पंचायत सभापति श्रीमति मोहनकुमारी साहू,भाजपा जिला महामंत्री चेतन महंत, जनपद पंचायत के सभापति श्रीमती राजेश्वरी भुवन कुम्हार,सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष घन्नू डडसेना, संस्था प्रबंधक रथलाल डडसेना के उपस्थिति में मां लक्ष्मी, छत्तीसगढ़ महतारी और इलेक्ट्रॉनिक कांटा का विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काट कर प्रथम किसान नम्मू नारायण श्रीवास को तिलक लगाकर 500 रुपये देकर स्वागत सम्मान किया गया। विधिवत पूजा अर्चना पं नोमन दूबे ने कराया। मुख्य अतिथि मोहनकुमारी साहू ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार किसान ही हैं और किसानों की मेहनत अब रंग लाएगी और समर्थन मूल्य पर धान बेचकर किसान लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम को सेवा सहकारी समिति करनौद के अध्यक्ष घन्नू डडसेना ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक कमल सिंह ठाकुर, अध्यक्ष घन्नू डडसेना, समिति प्रबंधक रथलाल डडसेना, उदल राम डडसेना, रामप्रसाद डडसेना, भालचंद तिवारी, मिथलेश यादव, राजकुमार डडसेना, गेंदराम डडसेना, रविशंकर जलतारे, कमल चन्द्रा, जगदीश चन्द्रा, हेमंत जायसवाल, शिव देवांगन, राजेन्द्र जांगड़े, शैलेन्द्र डडसेना, पवेन्द्र, तुलसीगिरी गोस्वामी, जितेन्द्र तिवारी, दुर्गाप्रसाद डडसेना,कमल खूंटे उपस्थित थे।

समृद्ध भारत एवं समाज परिवर्तन के लिए आयोजित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में 220 से अधिक महिलाएं हुई शामिल

# माताएं बच्चों को अच्छे संस्कार देकर बनाएं राम -कृष्ण, बुद्ध व माता सीता : गोस्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में समृद्ध भारत एवं समाज परिवर्तन हेतु मातृत्वशक्ति के सामर्थ्य, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को समर्पित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय चांपा हटरी में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में 220 मातृशक्ति की सहभागिता, 13 समाज प्रमुख, 5 कीर्तन मंडली, 4 संस्कार केंद्र की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती नेहा अविनाश अग्रवाल छ.ग प्रदेश पर्यावरण प्रकल्प प्रमुख, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, मुख्य अतिथि श्रीमती लक्ष्मीप्रियम स्वर्णकार होम्योपैथिक चिकित्सक, प्रयास सेवा संस्थान सदस्य चांपा, मुख्य वक्ता श्रीमती सविता गोस्वामी श्रीमद् भगवद्गीता कथा वाचिका, श्रीमती ललिता तिवारी सप्तशक्ति संगम विभाग संयोजिका, कोरबा विभाग रहे। विद्यालय के प्रवेश द्वार पर बहिनों द्वारा तिलक व पुष्प गुच्छ से सभी मातृशक्ति ,अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती ,ॐ,भारत



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

माता के तैलचित्र पर पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथि परिचय सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम प्रभारी एवं मंच-संचालन श्रीमती रागिनी शुक्ला ने किया। अतिथि स्वागत सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम सहप्रभारी श्रीमती पूर्णिमा कटकवार ,श्रीमती ममता तिवारी ने तिलक , श्रीफल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना श्रीमती ललिता तिवारी सप्तशक्ति संगम विभाग संयोजिका कोरबा विभाग ने किया। प्रस्तावना के बाद समूह गीत- हम ही मातृशक्ति है बहिनों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती सविता गोस्वामी ने उदबोधन कुटुंब प्रबोधन की भारतीय दृष्टि विषय में बताया कि हम अपने बच्चों को कैसे संस्कार दें यह वह स्वयं ही कर सकती हैं, जैसे कि प्रह्लाद आदि की कहानी, आज बच्चों को मोबाइल, टी.वी. से दूर रखे ,अपने घर को कैसे हम संजोकर साफ - सुथरा रखें , स्वच्छ रखें, बच्चों को अच्छे संस्कार दें उन्हें राम -कृष्ण, बुद्ध, सीता बनाए। मातृशक्ति प्रश्नोंतरी श्रीमती गोमती देवांगन, कु. कीर्ति गुप्ता ने किया। प्रेरणादायी संदेश देते हुए पारम्परिक वेषभूशा में सुन्दर प्रस्तुती हुई इसमें झांसी की रानी बहिन वर्तिका देवांगन ने महारानी लक्ष्मीबाई के किरदार व उसके वाक्य कहा कि मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी , अहिल्याबाई होलकर के वेशभूषा में निधी यादव बताया उनके संदेश को बताया कि अहिल्या बाई होलकर ने न्याय का सामना सिखाया, माता सीता के वेशभूषा में छात्रा चंचल वैरागी ,सावित्रीबाई फूले के वेश में अर्पिता सिंह संदेश बताया कि सावित्री बाई फुले ने पढ़ाई के महत्व को बताया है। मुख्य अतिथि लक्ष्मीप्रियम स्वर्णकार ने कहा कि हमें अपने घरों में रखे गीता ,रामायण, वेद, पुराण, उपनिषद आदि ग्रंथों को अध्ययन करना चाहिए, भोजन करने के पहले भोजन मंत्र करें। भारतीय परंपरानुसार वेषभूषा हो, सिंदूर व चूड़ी का वैज्ञानिक महत्व बताया। विशिष्ट माताओं का सम्मान मंच में अतिथियों के द्वारा स्मृति चिन्ह श्रीमती शकुन्तला सोनी , श्रीमती रेखा शर्मा को दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं श्रीमती नेहा अविनाश अग्रवाल ने बताए कि हम कैसे पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें कहीं भी कचड़ा न फेंके, हमेशा कूड़ेदान का उपयोग करें, प्लास्टिक के जगह में कागज या कपड़े के थैले का उपयोग करें। इस प्रकार अपना कर्तव्य का पालन कर समाज को बढ़ाए । आभार विद्यालय प्रार्थना प्रमुख श्रीमती खुशीला तिवारी ने किया। इस अवसर पर मिनाक्षी देवांगन ने मातृशक्ति को एक संकल्प भी कराया।



गलियों में भजन-कीर्तन करते ग्रामीण।

## घिवरा में हर शनिवार बहती है राम नाम की गंगा, गलियों में गूंजते हैं भक्ति स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत घिवरा में प्रत्येक शनिवार की शाम एक अनोखा आध्यात्मिक दृश्य देखने को मिलता है। जैसे ही सूर्यास्त होता है, गांव की गलियों में सामूहिक रूप से राम नाम का जप गूंज उठता है, जो अब गांव की पहचान बन चुकी है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत घिवरा में प्रत्येक शनिवार की शाम एक अनोखा आध्यात्मिक दृश्य देखने को मिलता है। जैसे ही सूर्यास्त होता है, गांव की गलियों में सामूहिक रूप से राम नाम का जप गूंज उठता है, जो अब गांव की पहचान बन चुकी है। यह पहल न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकता, शांति और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का माध्यम भी बन रही है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी आयु वर्ग के लोग इसमें पूरे उत्साह के साथ शामिल होते हैं। सामूहिक जप के दौरान गांव में एक विशेष आध्यात्मिक माहौल बन जाता है, जो लोगों को तनाव से मुक्ति और मानसिक शांति प्रदान करता है। इस नियमित आयोजन से आपसी भाईचारा बढ़ा है और सनातन संस्कृति के मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में भी मदद मिल रही है। बिना किसी राजनीतिक या सामाजिक मतभेद के पूरा गांव एक साथ बैठकर भक्ति भावना में लीन होता है। घिवरा गांव की यह पहल आज आसपास के गांवों के लिए भी प्रेरणा बन रही है। यहां की कीर्तन भजन का क्षेत्र के गांवों में चर्चाएं खूब हो रही है।

## केशरवानी वैश्य तरुण सभा चांपा का गठन

**चांपा।** केशरवानी वैश्य कल्याण समिति चांपा द्वारा ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए नगर में तरुण सभा का गठन किया गया। जिसमें नगर के ऊर्जावान कृष्णकांत गुप्ता (कांतु) को अध्यक्ष





मनोनीत किया गया साथ ही महामंत्री का दायित्व पुष्पराज गुप्ता को तथा उपाध्यक्ष का दायित्व नीरज केशरवानी को दिया गया वहीं कोषाध्यक्ष का दायित्व आशीष गुप्ता को दिया गया है। साथ ही इनसे नगर सभा यह भी आशा करती है कि प्रथम नवगठित तरुण सभा की टीम अपनी और भी कार्यकारिणी गठन कर नगर सभा के साथ मिलकर नगर में समाज को संगठित कर आगे बढ़ाने का काम करेगी। इसके अलावा केशरवानी वैश्य सभा चांपा में कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष अरुण गुप्ता, संगठन मंत्री लक्ष्मीकांत गुप्ता, कार्ययोजना मंत्री विष्णु बानी, रोहित गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष निलेश गुप्ता, प्रचार प्रसार मंत्री परमेश्वर केशरवानी, राजेश गुप्ता (गोलू)सह-संगठन मंत्री संतोष केशरवानी, हेमदत्त केशरवानी, सह-सचिव सुरेश गुप्ता, राकेश केशरवानी, सास्कृतिक मंत्री अंजल केशरवानी, संतोष गुप्ता, मंत्री के पद पर- गोपाल गुप्ता, शेखर केशरवानी, ताम्रध्वज गुप्ता, गिरधर बानी, किशोर केशरवानी, जगदीश गुप्ता, पुरुषोत्तम केशरवानी, विक्की गुप्ता और बिसाहू गुप्ता को मनोनीत किया गया है।

## छात्र-छात्राओं को दी गई साइबर अपराध, बाल विवाह एवं मोटरव्हीकल एक्ट की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास एवं पोस्ट मैट्रिक

**खास बात**

- पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

अनुसूचित जाति बालक छात्रावास पामगढ़ में किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को साइबर अपराध, पाक्सो एक्ट, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 सहित विभिन्न कानूनी जानकारी दी गई।

पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास एवं पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास पामगढ़ में 7 दिसंबर को द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गणेश राम पटेल सर के मुख्य आतिथ्य में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उन्होंने उपस्थित सभी बच्चों से उनका हाल-चाल जाना एवं कानून के संबंध में जानकारी देते हुए पाक्सो एक्ट, साइबर अपराध , बाल विवाह, निशुल्क कानूनी सहायता, मोटर व्हीकल एक्ट, नालसा की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दिए एवं सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मंच संचालन करते हुए पीएलव्ही गजानंद प्रसाद कश्यप ने 13 दिसंबर को आयोजित होने वाले लोक अदालत, निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने की प्रक्रिया, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 , मध्यस्थता आदि की जानकारी दी। आभार प्रदर्शन श्रीमती पूजा कैवर्त अधीक्षिका पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास पामगढ़ व धीरेंद्र बंजारे अधीक्षक प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास पामगढ़ के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पीएलव्ही जयराम गढ़ेवाल, नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, संस्था के कर्मचारी ,अधिकारीगण एवं छात्रावास में रह रहे छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।



जागरुकता शिविर में जानकारी देते न्यायाधीश।

## छग नागरिक सुरक्षा मंच ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**सक्ती।** संविधान निर्माता परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर छग नागरिक सुरक्षा मंच जिला शक्ति के समस्त पदाधिकारी साथियों ने शक्ति स्थित अंबेडकर चौक पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं दीप प्रज्वलित कर बाबासाहेब अमर रहे के जयघोष के साथ अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पुण्यतिथि पर आयोजित उक्त कार्यक्रम में प्रदेश 'उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र, जिला अध्यक्ष रामनरेश यादव, जिला उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल, युवा जिला अध्यक्ष अमन डालमिया, प्रदेश सचिव दीपक गुप्ता, दुर्गश राठौर,मीडिया सह प्रभारी ओकार यादव,महासचिव गोविन्द देवागन, कोषाध्यक्ष विजय मित्तल,गोवीन्दा निराला,मनोज सोनी, सुरेश साहू,रामनारायण ,महिला विंग की अध्यक्ष नेहा गुप्ता,कोषाध्यक्ष श्रीमति झरना साहू ,उपाध्यक्ष श्रीमतिविघा साहू ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालकर उद्बोधन किया। साथ ही बाबा साहब की प्रतिमा से लगी हुई सतनाम बस्ती में घूम कर सभी को बाबा साहेब के कार्यों से अवगत करवाया।



## एनएसएस ने रैली निकाल कर एड्स के प्रति किया जागरूक

**अकलतरा।** शासकीय डॉक्टर इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय, अकलतरा में एड्स जागरूकता सप्ताह के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक प्रभावी जागरूकता रैली एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मनेंद्र मेहता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करने से हुई रैली में एनएसएस स्वयंसेवकों ने एड्स से संबंधित जानकारी, रोकथाम, सुरक्षा उपाय तथा उपचार से जुड़े संदेशों को नारे एवं पोस्टरों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया। यह रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर ग्राम भ्रमण, आंगनबाड़ी केंद्र तथा थाना अकलतरा होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई।कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा जायसी ने एड्स के प्रति जागरूक रहने, भ्रामक



धारणाओं से बचने तथा सुरक्षित व्यवहार अपनाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपना सारगर्भित वक्तव्य प्रस्तुत किया। उनके मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल रहा।एड्स जागरूकता सप्ताह के इस आयोजन ने समाज में स्वास्थ्य, जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया।

## संस्कार श्रेष्ठ मानवीय गुणों का करता है विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

गायत्री विद्यापीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरौद में मातृ शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन दीप्ति रोहित सारथी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अकलतरा के मुख्य आतिथ्य, भारती भेड़पाल सरपंच ग्राम पंचायत तरौद की अध्यक्षता, वक्ता रोशनी राठौर ग्राम सोनसरी, रंजना सिंह संयोजिका सामाजिक संस्था वेल विशर अकलतरा, सत्या साहू प्रांत सह शारीरिक प्रमुख राष्ट्र सेविका समिति छत्तीसगढ़ की उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि दीप्ति रोहित सारथी ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता, प्लास्टिक उपयोग कम करने, पेड़ पौधों की



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

देखरेख करने, औषधीय पौधे लगाने एवं उसका उपयोग जानने, पौष्टिक भोजन,सहित नागरिक कर्तव्यों को प्रामाणिकता से करने का आग्रह किया। वक्ता रोशनी राठौर ने कुटुंब प्रबोधन विषय पर कहा कि परिवार को एक सूत्र में बांधकर रखने में माताओं की अहम भूमिका होती है। बच्चों को संस्कार देना, परिवार के सभी सदस्य मिलकर घर का काम करें। सभी सदस्य एकसाथ भोजन करने। परिवार के सभी सदस्यों को एक दूसरे के कुशल क्षेम की चिंता करते हुए सहयोगी भाव के साथ जीवन यापन करना चाहिए। भारतीय तीज त्यौहारों को अपनी संस्कृति, परंपरा अनुसार प्रभावी ढंग से मनाना चाहिए। सत्या साहू ने भारतीय जीवन दर्शन में महिलाओं का योगदान विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि माताएं बच्चों को जन्म देने के साथ साथ,उचित देखभाल करते हुए बच्चों की परवरिश करती हैं। संस्कार सिखाती हैं,श्रेष्ठ मानवीय गुणों का विकास करती हैं। कार्यक्रम को रंजना सिंह भारती, भेड़पाल, ललिता ताम्रकार, सुमित्रा धीवर, सत्या सिंह, सविता कुम्हार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित माताओं के सामान्य ज्ञान के लिए प्रश्न पूछे गए, सही उत्तर देने वाली माताओं को अतिथियों द्वारा पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बिहारी लाल ताम्रकार, महेश्वर कश्यप, संतोष भेड़पाल ,केशव कुमार कौशिक सहित आचार्य, कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

भागवत कथा में शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक एवं सभापति

# दाता वहीं हैं जो दान देते-देते स्वयं निर्धन हो जाएं : चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम खोखरा के आदर्श नगर भाठापारा के मां जानकी निवास में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण के सातवें दिवस जांजगीर-चाम्पा विधायक ब्यास कश्यप एवं जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू शामिल हुए, जिनके द्वारा ब्यास पीठ का आशीर्वाद ले, विधिविधान से पूजा-अर्चना किया गया।

व्यास पीठ पर विराजे पंडित पवन चतुर्वेदी ने सुभद्रहरण, कलियुग वृन्त्ता की कथा सुनाते हुए बताया कि सुभद्रा भगवान कृष्ण और बलराम की बहन थीं। बलराम चाहते थे कि सुभद्रा का विवाह दुर्योधन से हो, लेकिन कृष्ण और सुभद्रा की इच्छा अर्जुन से विवाह करने की थी। जब बलराम और अन्य यादव एक उत्सव के लिए द्वारका




ब्यास आचार्य से आशीर्वाद प्राप्त करते जिला पंचायत के सभापति

से बाहर गए हुए थे, कृष्ण की सहमति से अर्जुन ने सुभद्रा का हरण किया और उन्हें अपने साथ ले गए। यह घटना विवाह के उद्देश्य से थी, न कि किसी अनैतिक कार्य के लिए। बाद में, यादवों ने इस विवाह को स्वीकार कर लिया। कलियुग वृन्त्ता की कथा सुनाते हुए आचार्य श्री ने कहा कि कलयुग का प्रारंभ तब हुआ जब भगवान कृष्ण ने पृथ्वी से अपना मानव शरीर छोड़ कर वैकुंठ गमन किया। राजा परीक्षित की भूमिकाः राजा परीक्षित (अर्जुन के पोते) के शासनकाल में कलयुग ने पृथ्वी पर प्रवेश की अनुमति मांगी। राजा ने उसे जुआ, शराब, व्यभिचार, हिंसा और सोने जैसी कुछ जगहों पर रहने की अनुमति दी। कलयुग में धर्म, सत्य, पवित्रता, क्षमा, दया, आयु, बल और स्मरण शक्ति की कमी हो जाती है। लोग पूजा-पाठ छोड़ देते हैं और अधर्म बढ़ता है। आठवें दिवस श्री गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन, तर्पण, सशस्त्र धारा, महाआरती के साथ श्रीमद भागवत का समापन हुआ। श्रीमद्भागवत कथा में यजमान के रूप में कैलाश मंजू राठौर, विजय संध्या राठौर, राकेश सोमेश्वरी राठौर, दुर्गेश दीपिका राठौर बैठे हुए हैं। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**निधन**

## भानु प्रसाद देवांगन

**केरा।** विकासखंड नवागढ़ के अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत केरा



के प्रतिष्ठित नागरिक डॉ भानु प्रसाद देवांगन का बुधवार 3 दिसंबर को निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं दो पुत्री का भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार महानदी के किनारे में स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ सुपुत्र शरद कुमार देवांगन ने दी। वे देवांगन समाज केरा के मुखिया एवं विजय रूई भंडार केरा के संचालक नरेश कुमार देवांगन का ज्येष्ठ भ्राता और अपना मेडिकल केरा के संचालक बसंत देवांगन के पिता थे।

